वेद ईश्वरीय वाणी

वर्ष : 10 अंक: 2 अक्तूबर 2020 – मार्च 2021 अर्द्ध–वार्षिक

कौन वेद विद्या का प्रकाशक है?

ओ३म्

''एतं ते देव सवितर्यज्ञं प्राहुबृहस्पतये ब्रह्मणे।
तेन यज्ञमव तेन यज्ञपतिं तेन मामव।।''

ओ३म्

(यजुर्वेद मन्त्र 2/92)

हे (देव सवित:) सुखों के दाता एवं सृष्टि रचयिता परमेश्वर! (एतम्) इस सुखदायक यज्ञ को वेद और विद्वान् जन आपसे उत्पन्न हुआ (प्राहु:) कहते हैं। (बृहस्पतये) सर्वोत्तम वेदवाणी के ज्ञाता (ब्रह्मणे) चारों वेदों के ज्ञाता, ब्रह्मा की (तेन) उस महान् विज्ञान से इस (यज्ञम्) यज्ञ की, (यज्ञपतिम्) यजमान की और (तेन) उस विद्या द्वारा (माम्) मेरी भी (अव) सदा रक्षा कर।

भावार्थ:- ईश्वर ने सृष्टि के आरम्भ में ऋषियों को चारों वेदों का उपदेश करके, मनुष्यों को विद्या प्राप्ति द्वारा सुखी होने के लिए यज्ञ करने की विधि का उपदेश किया और इसी यज्ञ से रक्षा की विधि भी बतलाई।

WHO IS THE ORIGINATOR OF VEDIC KNOWLEDGE ?

Without knowledge and act of purification nobody attain happiness and protection. That is why, God gives the knowledge of four Vedas to four Rishis in the beginning of every creation, to spread it amongst human-beings, to attain knowledge and happiness by them through learning of Vedas and performing daily Yajyen with ved mantras.

वेद ईश्वरीय वाणी

मुद्रक, स्वामी एवं प्रकाशक
राज कुमार गुप्ता

संपादक
स्वामी राम स्वरूप 'योगाचार्य'
(01892236107)

सह संपादक
साध्वी गीतांजली
(01892236107)

उप–संपादक
सुप्रिया गन्दोत्रा
(9906092521)

''वेद ईश्वरीय वाणी''

प्रकाशन: शिवा एन्कलेव, लेन नं. –3, रूप नगर, जम्मू – 180013 (जम्मू व कश्मीर)

डी.डी. रिप्रोग्राफिक्स

3–एकता आश्रम न्यू रिहाड़ी, जम्मू –180005 (जम्मू व कश्मीर) से मुद्रित

ओ३म्

विषयानुक्रमणिका

ओ३म्

• कौन वेद विद्या का प्रकाशक है – यजुर्वेद मन्त्र 2/92			1
• सम्पादकीय (वेदोक्त कर्म ही करें)	–	स्वामी रामस्वरूप 'योगाचार्य'	3
• Subtle Violence an ugly truth of Indian....	-	Sadhvi Geetanjali	7
• लगता है मेरी आत्मा मुझसे बिछड़ गई	–	स्वामी रामस्वरूप 'योगाचार्य'	9
• A Tribute to most loving Disciple	-	Swami Ram Swarup 'Yogacharya'	12
• गुरु–शिष्य संवाद	–	स्वामी रामस्वरूप 'योगाचार्य'	14
• Yajyen destroys Diseases	-	Swami Ram Swarup 'Yogacharya'	18
• गोरक्षासन	–	स्वामी रामस्वरूप 'योगाचार्य'	21
• God accepts pure Hearted.....	-	Swami Ram Swarup 'Yogacharya'	22
• आहार, जीवन शैली व हृदय रोग	–	डॉ. प्रवीण शर्मा	24
• Medical Science in Atharvaveda	-	Swami Ram Swarup 'Yogacharya'	32
• Correspondence between Swami ji & S. Khushwant Singh ji			33
• पौर्णमासी और अमावस्या			40
• इदम् न मम	–	पी.आर.मेहरा	41
• Worship God who is... Yaj. M.40/16	–	Swami Ram Swarup 'Yogacharya'	43
• ज़िन्दगी एक इम्तिहाँ	–	ऋचा कौशिक	45
• Defeat Corona Virus by following...	–	Swami Ram Swarup 'Yogacharya'	47
• वेद मार्ग पर चलकर चित्त के कुसंस्कारों..	–	डॉ. वीना राज	50
• Yajyen the most Supreme Pious...	-	Swami Ram Swarup 'Yogacharya'	52
• दाता कौन	–	ऋचा कौशिक	55
• Herbs & Plants	-	Sugandh 'Sudhi'	57
• Vedic Education to Children	-	Swami Ram Swarup 'Yogacharya'	60
• वैदिक प्रवचन से ली हुई शिक्षाएँ....	–	बिपिन बधेका	64
Subscription Form			

NOTE : Writers are responsible for their own articles

संपादकीय

वेदोक्त कर्म ही करें

मनु स्मृति श्लोक 1/22 में उपदेश है कि परमेश्वर ने प्रकृति द्वारा महत्, महत् से अहंकार, अहंकार से पंच तन्मात्रा आदि सूक्ष्म शक्तियों से यह संसार रचा, (देखें सांख्य शास्त्र सूत्र 1/26)। परमेश्वर ने सूर्य, अग्नि, वायु आदि जड़ तत्त्वों को रचा, मनुष्य, पशु–पक्षी आदि सामान्य प्राणियों के शरीरों को रचा जिनका स्वभाव ही सदा कर्म करना है अर्थात् कर्म किए बिना कोई भी प्राणी क्षण भर भी नहीं रह सकता और ना ही पृथिवी, आकाश, जल, वायु, चन्द्रमा आदि भी क्षण भर के लिए अन्तरिक्ष में घूमने आदि का कर्म नहीं त्याग सकते।

जीव द्वारा किया हुआ कर्म कभी मिथ्या नहीं होता; वह कर्म यदि पुण्यवान् किया है तो उसका फल सुख होगा ही और यदि कर्म पाप–युक्त है तब उसका फल दु:ख देना अवश्य होगा। अत: वेदों के ज्ञाता, विद्वानों के आश्रय में प्राणी वेद मार्ग पर चलकर, सीखकर केवल शुभ कर्म ही करें। **यजुर्वेद मन्त्र** 40/2 में परमेश्वर ने यह भी स्पष्ट किया है कि जो वैदिक ज्ञान प्राप्त किए हुए जिज्ञासु केवल वेदों में कहे पुण्यवान् कर्मों को ही करते हैं, वे कर्म फल में लिप्त नहीं होते अन्यथा मनुष्य को पुण्यवान् कर्म करके भी उसका फल सुख के रूप में भोगने के लिए कर्मानुसार योनियों में जन्म लेना पड़ता है।

उदाहरणार्थ मानो कोई नर/नारी वेद मार्ग पर नहीं चलते, वेद–विरुद्ध कर्म करने का पाप भी करते हैं परन्तु समाज में रहकर, किसी के कहने–सुनने इत्यादि से, किसी ने धर्मशाला बनवा दी, किसी ने कुएँ खुदवा दिए, पानी की समस्या हल कर दी, किसी ने पँखे लगवा दिए, किसी ने श्मशान घाट बनवा दिए, इत्यादि। ऐसे कई कर्म हैं जो शुभ कर्मों में आते हैं। तो ऐसे शुभ कर्म

करने वाले प्राणी, इन किए हुए शुभ कर्मों का फल सुख के रूप में भोगने के लिए जन्म लेकर आते—जाते रहते हैं। परन्तु वेदों में कहे हुए शुभ कर्म करने वाले इन शुभ/पुण्यवान् कर्मों का फल नहीं भोगते अपितु सदा सुखी रहते हैं और मोक्ष पद भी प्राप्त कर लेते हैं। अत: मोक्ष प्राप्ति के लिए भोगने के लिए कोई भी कर्म शेष रहना नहीं चाहिए।

मनुस्मृति श्लोक 1/23 में कहा कि परमेश्वर ने मनुष्यों द्वारा जगत् में धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष आदि की सिद्धि के लिए चारों वेदों का ज्ञान उत्पन्न किया। ईश्वर ने चारों वेदों में ज्ञान, कर्म एवं उपासना का ज्ञान दिया। **मनुस्मृति श्लोक** 1/108 में कहा कि जो वेदों में कहा हुआ और स्मृतियों में भी कहा हुआ आचरण है वो ही सर्वश्रेष्ठ धर्म है। यहाँ धर्म का अर्थ वेद में कहे कर्म करना कहा है। इसलिए जो आत्मा की उन्नति चाहते हैं वे वेदों और स्मृतियों में कहे आचरण में सदा प्रयत्नशील रहें तथा वेद विरुद्ध कर्म करने तथा अन्धविश्वास आदि से बचें। इसके लिए मनुष्य को वेद वेत्ता, विद्वान् के आश्रय में रहकर वेदों के अध्ययन की आवश्यकता है। इस वेद के प्रथम मंत्र में ही यज्ञ करने को सर्वश्रेष्ठ कर्म कहा है जो मनुष्य को भवसागर से पार लगा देता है। यदि बचपन से ही मनुष्य, विद्वानों से वेद सुनता रहे तदानुसार कर्म करता रहे तो ऐसे विद्वान् पुरुष अथवा विदुषी नारी शीघ्र ही अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष को सिद्ध कर लेते हैं। **यजुर्वेद मन्त्र** 1/1 का भावार्थ भी यह है कि उत्तम कर्मों की सिद्धि के लिए मनुष्यों को नित्य ईश्वर की प्रार्थना और उस प्रार्थना के अनुसार पुरुषार्थ करना चाहिए। **यजुर्वेद मन्त्र** 1/1 —

ओ३म् इषे त्वोर्ज्जे वायव
स्थ देवो वः सविता प्रार्पयतु

श्रेष्ठतमाय कर्मणऽआप्यायध्वमघ्न्याऽइन्द्राय भागं प्रजावतीरनमीवाऽअयक्ष्मा मा वस्तेनऽईशत माघशंसो ध्रुवाऽअस्मिन् गोपतौ स्यात बह्वीर्यजमानस्य पशून्पाहि॥

अर्थ— (सविता) तीनों लोकों को रचने वाला परमेश्वर (देव:) सब सुखों और विद्याओं का दाता परमेश्वर है वह (वायव: स्थ) जो हमारे (व:) और तुम्हारे प्राण और इन्द्रियाँ हैं

उनको (श्रेष्ठतमाय) अत्यन्त श्रेष्ठ यज्ञ (कर्मणे) कर्म है जो सबके उपकार के लिए है, उस यज्ञ कर्म से (प्रार्पयतु) अच्छी प्रकार जोड़कर रखे। भाव है कि हमारा शरीर, इन्द्रियाँ तथा प्राण नित्य अत्यन्त श्रेष्ठ कर्म यज्ञ को करते रहें जिससे सब प्राणियों का उपकार होता है।

मन्त्र के दूसरे भाग का अर्थः–

हम (इषे) अन्न एवं विज्ञान आदि के लिए (त्वा) तुझ परमेश्वर को तथा (ऊर्जे) ऊर्जा, पराक्रम एवं आनन्द प्राप्ति के लिए (भागम्) सेवा के योग्य, (त्वा) आपकी शरण चाहते हैं। हे मनुष्यों! ऐसा होकर (आप्यायध्वम्) उन्नति को प्राप्त करो।

भाव यह है कि जब मनुष्य अन्न–धन, विज्ञान, ऊर्जा प्राप्ति के लिए ईश्वर की शरण में जाता है, यज्ञ, योगाभ्यास, माता–पिता आदि की सेवा करता है तो उसकी ये सब इच्छाएँ पूर्ण होती हैं और उन्नति के मार्ग पर सदा अग्रसर होता है।

मन्त्र के तीसरे भाग का अर्थः–

(इन्द्राय) ऐश्वर्य युक्त परमेश्वर प्राप्ति के लिए और (श्रेष्ठतमाय) अत्यन्त श्रेष्ठ यज्ञ (कर्मणे) कर्म करने के लिए हे प्रभु! आप हमें इन (प्रजावतीः) बहुत प्रजा वाली (जनता) (अनमीवाः) व्याधि अर्थात् दुःख आदि से रहित, (अयक्ष्माः) संक्रामक रोग से रहित (अघ्न्याः) और हिंसा रहित, गौ, पृथिवी और जो पशु आदि हैं उनसे सदैव (प्रार्पयतु) जोड़कर रखिए। भाव यह है कि हम सदा इनसे जुड़कर सर्वश्रेष्ठ कर्म यज्ञ करते रहें जो सब प्राणियों का उपकार करने वाला है।

मन्त्र के चौथे भाग का अर्थः–

हे ईश्वर! हमारे बीच में कोई (अघशंसः) पापी और (स्तेनः) चोर (मा ईशत) कभी उत्पन्न न हों। भाव यह है कि ऐसी प्रार्थनाएँ करने, श्रेष्ठ कर्म यज्ञ करने, पापियों का उत्पीड़न करने आदि से समाज सुरक्षित रहता है।

मन्त्र के पाँचवे भाग का अर्थः–

हे परमेश्वर आप (यजमानस्य) यजमान के अर्थात् उस यजमान के जो यज्ञ द्वारा जीवों का उपकार करता है और इस प्रकार ईश्वर की पूजा करता है, उस विद्वान् यजमान के (पशून्) गौ, घोड़े आदि पशुओं, धन व प्रजा की (पाहि) सदा रक्षा कीजिए और (वः)

उन गौओं और पशुओं को (अघशंसः) पापी (स्तेनः) चोर (मा ईशत) हनन करने में समर्थ न हों।

भाव है कि यज्ञ करने से पशु–पक्षी आदि सभी प्राणियों की रक्षा होती है क्योंकि यज्ञ में ब्रह्मा द्वारा अमर वाणी वेद के उपदेश और उन पर आचरण करने की प्रेरणा प्राप्त होती है।

मन्त्र के छठे भाग का अर्थः–

(अस्मिन्) इस (गोपतौ) धार्मिक मनुष्य एवं गौओं के स्वामी (बह्वीः) बहुत सी गऊएँ (ध्रुवाः) स्थिर सुख देने वाली (स्यात) होवें। पूर्ण मन्त्र का भाव है कि यज्ञ कर्म विश्व का सर्वश्रेष्ठ कर्म है। यज्ञ में चारों वेदों का ज्ञाता, ब्रह्मा बैठकर वेदमन्त्रों द्वारा ज्ञान, कर्म एवं उपासना आदि के विषय में विस्तार से समझाता है। वेदों में कहे भिन्न–भिन्न शुभ कर्मों का ज्ञान देता है अर्थात् ब्रह्मा के बिना यज्ञ नहीं होता और ब्रह्मा के बिना वेदों द्वारा कोई उपदेश भी नहीं हो सकता तथा ब्रह्मा केवल यज्ञ में बैठकर ही उपदेश करता है। अतः प्रत्येक नर–नारी को यज्ञ की कामना करनी चाहिए जिससे सम्पूर्ण मानव जाति का कल्याण होता है, संक्रामक रोगों का नाश होता है। पाप का प्रशंसक, पापी और चोर–डाकू इत्यादि देश में उत्पन्न नहीं होते, फलस्वरूप सर्वत्र शांति रहती है। गौ, घोड़े–हाथी आदि सभी पशु–पक्षी, धन इत्यादि एवं प्रजा की सदा रक्षा रहती है। यज्ञ करने से ईश्वर की सदा कृपा बनी रहती है तथा सबके सुख एवं ऐश्वर्य की वृद्धि होती है। इस वेद के दूसरे मन्त्र में ईश्वर की आज्ञा है कि विद्वान्, यजमान तथा प्रजा इस सर्वश्रेष्ठ कर्म को कभी ना छोड़ें। ईश्वर ने **यजुर्वेद मन्त्र** 2/23 में यह स्पष्ट किया है कि जो नर–नारी इस सर्वश्रेष्ठ कर्म यज्ञ को छोड़ देते हैं, उन्हें ईश्वर भी दुःख देने के लिए छोड़ देता है। अतः ईश्वर के इस नियम को समझें और यज्ञ का त्याग कभी ना करें।

यज्ञ प्रदूषण का नाश करता है। इस लोक और परलोक में परम सुख की वृद्धि करता है। इसलिए सब मनुष्यों को परमेश्वर की आज्ञा है कि परोपकार के लिए विद्या और पुरुषार्थ से प्रेमपूर्वक नित्य यज्ञ करें।

स्वामी रामस्वरूप 'योगाचार्य'

मुख्य सम्पादक

वेद मन्दिर, योल (हि.प्र.)

Sadhvi Geetanjali

Subtle Violence
an ugly truth of Indian society

"I used to think that worst thing in life was to end up alone. ITS NOT. The worst thing in life is to end up with people who make you feel alone."

- Robin Williams



The precious human-body adorned with gems of intellect and reasoning is indeed the best gift given to soul by God. Pious soul utilizes his body to achieve the ultimate aim of salvation by following vedic path.

His Holiness, ***Swami Ram Swarupji 'Yogacharya'*** wisely opines that since the sun of knowledge of Vedas has hidden behind the shadow of illusion, as a result various sins and vices have engulfed the society. One such menace threatening the fragile fabric of society is violence. Violence has wide ramifications and number of facets. I would confine myself to subtle form of violence which breaks victim's spirit leaving an unhealing scar on her psyche while sapping all her energy.

Most of us relate violence to physical violence. We abhor it and feel good about ourselves for not indulging in it. Ironically, majority of us are insensitive towards subtle form of violence which exists with same intensity as physical violence.

When we ignore abject poverty, turn blind eye towards ill treatment of children, when parents suppress the natural talent of children and pressurize them over grades, force their ambitions on them, when weak are bullied by strong ones, elders abused, subordinates mistreated, misbehaviour with spouse or family members and so on are a few instances of subtle violence.

We all are guilty of such non-physical form of violence at some point of time of our lives. Invisible violence is more destructive than physical violence.

One can seek medical treatment for visible injuries but when other person's dignity, psyche, self-esteem is injured then the damage becomes irreparable.

The words hurled in anger and in insulting manner are like hot lava that flows from burning volcano destroying every living-being in its way. We live in rude times where malice has become so common that it is almost second nature to most. One at the receiving end may not be able to resist the onslaught due to various reasons like age, low financial status, submissive nature, fear of being abandoned, losing livelihood and respect for relations. The list is endless.

Interestingly, ***such violence is almost never inflicted by outsiders but from people known to us.*** Moreover, females at all fronts- as mothers, sisters, daughters, wives and daughter-in-laws, have been found to be the most vulnerable targets of this emotional violence and hatred. More than half of world's population comprises of women. Woman struggles to survive economic deprivation and gender oppression in patriarchal society. Her life is a saga of perpetual struggle which mostly she carries out with dignity and courage. So, when women are undermined, the whole generation loses strength and vitality.

We learn more from foes than from friends. So, often it happens, we all live our lives in chains and we never even know we have the key to our bindings. When reality refutes our expectations, it is time to shift perspective, seek the shelter of Almighty God, Who alone is empowered in the entire universe to destroy illusion and sorrows. Seeking shelter of God implies attaining vedic knowledge which emanates directly from God. Further, God Himself preaches in Rigved that vedic knowledge is only attained when an aspirant seeks the shelter of learned Acharya of Vedas who gives us wisdom to counter all hurdles.

Vedic knowledge enables us to exploit our infinite potential. Remember, our limitations are those which we set upon ourselves. God is inside each one of us. Humiliating others and not accepting others, tantamounts to spurning God residing within. So, let us recognize subtle violence and renounce it. VIV

भावभीनी श्रद्धांजलि

लगता है मेरी आत्मा मुझसे बिछड़ गई

स्वामी रामस्वरूप 'योगाचार्य'

स्व. श्री वी.डी. मित्तल जी

स्वर्गीय श्री बंशीधर मित्तल जी मेरे अज़ीज़, प्रिय–प्यारे समधी के जब निधन का समाचार तारीख 28 अक्तूबर, 2019 को सुना तो मैं अवाक् रह गया। कुछ बोल न पाया। हालांकि मैं इस समाचार को सुनकर सबसे स्थिर मुद्रा में बातें करता रहा परन्तु फिर भी एक दु:ख भरी आत्मिक टीस अपने हृदय में महसूस करता रहा। अभी उनकी आयु ही क्या थी? केवल 62 वर्ष। कपड़े के बड़े व्यापारी, राजनीतिज्ञ, फिल्म इन्डस्टरी के ज्ञाता, संगीतज्ञ, बोलने में मधुरता आदि अनेक गुणों से भरपूर होकर भी उन्हें कोई अहंकार छू नहीं पाया था। मेरे सान्निध्य में वह अत्याधिक कम रहे पर जितने भी रहे, मैंने उन्हें और उन्होंने मुझे जिज्ञासा एवं एकाग्र वृत्ति से सुना और पुन: प्रेम प्रदर्शित किया। क्योंकि मैं भी संगीत जानता हूँ तो यह जानकर वह बहुत प्रसन्न हुए तथा उन्होंने मुझे और मैंने उन्हें गाकर सुनाया जिससे एक अद्भुत प्रेम से भरा वातावरण उत्पन्न होता था। यह भी आश्चर्यजनक बात है कि वह मुझसे शर्माकर या भक्ति–भाव आदि के कारण कम से कम कॉल करते थे और जब मैं कभी कॉल करता था तो उनका उत्तर होता था ''कि आप मुझे कॉल न करें क्योंकि हमारा फर्ज़ है आपसे बात करने का।'' ऐसी महान् हस्ती का दर्शन अब कहाँ होगा?मैं उन्हें अपनी आत्मा से यज्ञ में श्रद्धांजलि देता रहता हूँ और आज भी मेरी आत्मा से निकले ये उद्‌गार उन्हें ही समर्पित हैं। उनके परिवार को मेरा बहुत प्यार एवं आशीर्वाद। वेद वाक् है कि जो हमसे बिछड़ जाते हैं उनको याद करो, उनकी अच्छाइयों को याद करो परन्तु उनके लिए गम ना करो, ना रोओ अन्यथा अथर्ववेद मन्त्र 8/1/8 के अनुसार ईश्वर का नियम है कि रोने वाले जल्दी ही मृत्यु का ग्रास बन सकते हैं। उनके जीवन की निम्नलिखित कुछ झांकियाँ प्रस्तुत हैं–



General Information

Journalist turned politician Sri Banshi Dhar Mittal was a young and dynamic personality of Darjeeling Hills. He was born on 24th July 1957 in Darjeeling in a middle class family. His father late Mange Ram Mittal came here as a textile merchant from Haryana at the time of British Govt.

Sri Mittal spent his childhood and early academic career in Bhiwani, Haryana. He went to Kolkata for his higher education. He was student of B.Com in Calcutta University in 1975. Then he came to Darjeeling in 1978.

He was married to Smt. Meena Mittal. He has one son Mr. Gaurav and daughter in law Mrs. Richa Kaushik and two daughters Mrs. Preeti and Mrs. Harsha respectively.

Social, Sports and Political Activities:-

From his childhood, he was appreciated as a social worker, which helped him to be an aggressive person and having leadership quality. He was the President of Darjeeling Junior Chamber in 1984. President of Gorkha Hill Chess Association since 1987 to 2000. He has worked in many social and business organisations. He was General Secretary of Silliguri Press Club in 1987-90. Editor Hindi Weekly Aapka Darjeeling times in 1985-88. Editor Darjeeling Times Nepali Daily 1989-91. Freelance Journalist since1992. Editor DTNS. Co- convener, W.B Unit of All India Small and Medium Newspapers. He was the

protocol officer of Jaycee international between the sistercity relationship among Darjeeling and Dharan, Nepal in 1984.

He was a very good chess player also. He won Darjeeling dist. DGHC and other championship many times. He participated twice in the National Chess Championship at Kalicut, Kerala and Surat, Gujarat.

He toured throughout India, Nepal and Bhutan many times.

He knew Hindi, Nepali, Bangla and English languages.

Specials:-

- In 1991, then his Excellency President of India Sri R. Venkataraman invited Sri Banshi Dhar Mittal personally at Raj Bhawan, Darjeeling.
- In 1988, then Prime Minister Late Sri Rajiv Gandhi invited Sri B.D. Mittal at Raj Bhawan, Darjeeling.
- He was very close to Sri Kailashpati Mishra, Hon'ble Governor of Gujarat and former observer and in charge of Bengal and Senior BJP Vice-President.
- He met with Governors, Chief Ministers and Central Govt. Ministers and other dignitaries time to time.
- Sri Mittal being as a GNLF leader had a very close relation with Sri Subash Ghising and many dignitaries at the level of Darjeeling District as well as the grassroot people.
- Sri Mittal started his political carrier since 1995 when Gorkha National Liberation Front suprimo and chairman, Darjeeling Gorkha Autonomous Hill Council Sri Subash Ghising inducted him in GNLF personally.
- He had very good relation with the personalities of Sikkim, Bhutan and Nepal also.
- He gave credit to the RSS for his well-disciplined manner from his childhood.

Awards and honours:-

In 1984, he was awarded with Henry Gisinbier Fellowship, U.S.A. by Jaycee international and life membership of Indian Junior Chamber. W.B. Junior Chamber honoured him with Kamalpatra Award in 1987.

VIV

A TRIBUTE TO MOST LOVING DISCIPLE

LATE SHRI SHANTISWAROOPJI

-Swami Ram Swarup 'Yogacharya'

Late Shri Shanti Swaroopji was so much attached to social activities and especially his love for his spiritual Acharya, his family and all sangat, persuaded everyone to utter the pious word "Mamaji" for him. Really, he was famous in ved mandir and amongst all disciples by his nick, pure and loving name- mamaji.

He usually said to his niece that his name (Mamaji's name) and name of his Acharya are almost the same, because first word of his name is Shanti thereafter Swaroop. Similarly, first name of his Acharya is Ram and thereafter is Swarup. He used to pay attention towards all members of ved mandir and anytime, anybody when went to meet him at his residence, he did not let them go without showering his love and taking tea, food etc. He used to set eyes on sangat/persons with a hope that somebody would come to him and he would serve him satisfactorily. He used to use word "Ji" after everyone's name. He was such a devotee that he had offered himself completely under the shelter of his Acharya. This fact can be proved by the following incidence- When he was admitted in the hospital then in his last 2-3 days, he said to his wife that "as soon as I recover and come home, both of us would go to Yol to attend Poornima's Yajyen."

I will always miss him and pray to God and bless him to get utmost peace. In addition, I would also like to mention the following few lines in his

respect- It was January of 1947 when, in then prosperous town of Kotli, now in (PoK), the proud parents Master Karam Chand ji and Smt. Vidya Wanti were bestowed upon with their third son who was very lovingly named Shanti Swaroop (Epitome of peace). And in the very same year India was partitioned into two and his parents like lakhs of others, migrated to this side. "The hardships of migration were so unbearable that my mother thought of leaving me also on road but then her motherhood overcame all these difficulties and I also reached Jammu" he would sometime tell. Like most others of his generation, he too faced a very harsh time economically. "We were too willing to opt for the NCC as we got uniforms and shoes free and there was no financial burden," he would recall with a smile.

But then destiny did have something special for this boy from a poor Master's family. With his hard work, he did his graduation in sciences and later achieved the degrees of LLB and B-ed. He qualified to become the then Public law Officer. Then he entered the Revenue Services serving as Naib Tehsildar and Private Assistant to various Deputy Commissioners of Jammu for quite a long time. He attained his superannuation with flying colours as Tehsildar Jammu. His passion for teaching remained till his last day as he hardly failed to go to his family school. He breathed his last on December 2, 2019.

His well-wishers pay tribute to him by remembering that he was a strong, "Diler" officer and a man of action who would take immediate decisions. Reminded of a couplet that sums up Shanti Swaroop ji and his memories:

"Phool Rehjayengey Guldaan mein
Yaadon ki Nazar;
Main to Khushboo hoon,
Fizaon mein Bikhar Jaoonga."

May God give eternal peace to the departed soul and courage to the family members to bear this irreparable loss.

VIV

गुरु-शिष्य संवाद

स्वामी रामस्वरूप 'योगाचार्य'

बसन्त ऋतु का आगमन है। सरोवरों में, वनों में, अनेक प्रकार के पुष्प वातावरण को सुगन्धित एवं सुशोभित कर रहे हैं। वनों में विविध प्रकार के पक्षियों के कलरव से आनन्द अनुभव हो रहा है। इधर–उधर नृत्य करते हुए मयूर शोभायमान हो रहे हैं। झुण्ड के झुण्ड ये पक्षीगण परस्पर एक–दूसरे का आह्वान करते हुए आनन्दपूर्वक चहक रहे हैं। **प्राकृतिक नियम है कि ज्ञान दिए बिना ज्ञान नहीं होता।** अत: ऊपरलिखित सुन्दर वर्णन भी वेदों से ही सुलभ है। वेदों में ईश्वर की सभी ऋतुओं में पूजा, अध्ययन, मनन, यज्ञ आदि करने की आज्ञा है। बसन्त ऋतु में भी सभी जिज्ञासु ज्ञान–विज्ञान में उन्नति करने, वेदों का ज्ञान प्राप्त करके शुद्ध बुद्धि से वेद–विद्या को प्राप्त करने की जिज्ञासा लेकर गुरुकुल में निवास कर रहे हैं। वैदिक विद्या प्राप्त करके जिज्ञासु अविद्या आदि क्लेशों का नाश करने के प्रयास में रत हैं। विद्वानों के समान ही मननशील बुद्धि, शुद्ध बुद्धि प्राप्त करके विद्यार्थी ज्ञान प्राप्ति की इच्छा में अग्रसर हुए, आचार्य की प्रतीक्षा में, एक कक्ष में, अपना–अपना स्थान ग्रहण करके शांतिपूर्वक बैठे हैं। कुछ क्षण पश्चात्

आचार्य का आगमन होता है। सब विद्यार्थी उठकर आचार्य को नमस्ते करके एवं उनका अभिवादन करके शांतिपूर्वक बैठ जाते हैं।

आचार्य ने विद्यार्थियों को उपदेश देते हुए कहना प्रारम्भ किया कि हे विद्यार्थियों! मैंने आपको पिछले कुछ समय से जो कुछ वेद–मन्त्रों का अध्ययन कराया है, इनमें से ही कुछ प्रश्न आपसे पूछता हूँ।

आचार्यः- हे पुत्री, ऋचा! गुरु–शिष्य संवाद की क्या आवश्यकता है?

ऋचाः- प्रणाम, आचार्य! **यजुर्वेद मन्त्र** 8/56 का भाव है कि तर्क के बिना कोई विद्या किसी को प्राप्त नहीं होती और विद्या के बिना कोई व्यक्ति पदार्थों से उपयोग ग्रहण नहीं कर सकता। ऋषि गौतम कृत **न्याय शास्त्र के सूत्र** 1/40 के अनुसार जो सिद्धान्त के जानने के लिए विचार किया जाता है, उसी का नाम तर्क है।

परमेश्वर ने वेदों में भी जिज्ञासुओं को वेद के विद्वानों से प्रश्न–उत्तर एवं संवाद करके शंका समाधान करने का उपदेश किया है। अन्यथा जैसा ऊपर कहा–ना तो हम सत्य जान पाएँगे और अज्ञानवश असत्य को ही सत्य मानकर अविद्या में प्रवेश करके जीवन व्यर्थ कर लेंगे तथा ना ही विद्वान् होकर हम पदार्थों से उपयोग ग्रहण कर सकेंगे। अतः जिज्ञासु विद्वानों से, आचार्यों से प्रश्न–उत्तर द्वारा शंका समाधान करके, सत्य को ग्रहण करके अपना जीवन सफल करें। इस कारण ही गुरु–शिष्य संवाद की भी परम आवश्यकता है। कोई भी विचार बलपूर्वक थोपा नहीं जा सकता। इस कटु सत्य को सांख्य के मुनि कपिल ने सूत्र 2/25 में इस प्रकार कहा –

''न कल्पनाविरोधः प्रमाणदृष्टस्य''

अर्थात् प्रमाण द्वारा सिद्ध होने पर, केवल कल्पना के आधार पर किसी विचार अथवा किसी भी वस्तु का विरोध नहीं किया जा सकता।

संवाद अथवा प्रश्न–उत्तर आदि में वेद–शास्त्रों आदि (ऋषि–प्रणीत ग्रन्थों) के प्रमाण ही दिए जाते हैं। फलस्वरूप ही सत्य को ग्रहण किया जाता है। हे आचार्य! आज जब वेद एवं ऋषि–प्रणीत ग्रन्थों के अध्ययन एवं प्रचार आदि में अत्याधिक कमी आ चुकी है तब तो वर्तमान में संवाद एवं प्रश्न–उत्तर करके वेद के विद्वानों से सत्य ग्रहण करना अति आवश्यक हो गया है क्योंकि **योग शास्त्र सूत्र** 1/7 के अनुसार समाधिस्थ

पुरुष–मन्त्रद्रष्टा ऋषि के वचन ही प्रमाण माने गए हैं। अत: इन्हीं की शरण में जाकर अध्ययन तथा प्रश्न–उत्तर द्वारा सत्य सिद्ध होता है।

आचार्य:- अति उत्तम, बेटी ऋचा! हे सोमेन्द्र! वर्तमान में भारतवर्ष में प्रदूषण एक बहुत बड़ी समस्या बनकर उत्पन्न हुआ है। आप बताएँ कि प्रदूषण को नष्ट करने के लिए वेदों में क्या समाधान दिया है।

सोमेन्द्र:- प्रणाम, आचार्य। हे आचार्य! यह सृष्टि ईश्वर ने बनाई है और प्रत्येक प्रकार की समस्या का समाधान ईश्वर ने अपनी अमर वाणी–वेद में ही दिया है। यजुर्वेद कर्म–काण्ड है। हम पुरुषार्थी होकर यदि वेदों में कहे कर्म करें तो हम प्रदूषण को नष्ट करके महापुण्य के भागी भी बन जाते हैं। उदाहरणार्थ– **यजुर्वेद मन्त्र** 1/1 में ईश्वर ने मनुष्य जाति को उपदेश दिया कि हे मनुष्यों! यह तुम्हारी ज्ञानेन्द्रियाँ और कर्मेन्द्रियाँ नित्य पृथिवी के सर्वश्रेष्ठ कर्म यज्ञ में लगी रहें। भाव है कि मनुष्य वेदों को सुने और उसमें कहे हुए यज्ञादि शुभ कर्म नित्य करे जिससे कोई भी मनुष्य रोगी ना हो और प्रजा सुखी रहे। दूसरे मन्त्र में कहा कि यज्ञ **''मातरिश्वन: घर्म: असि''** अर्थात् यज्ञ वायु को शुद्ध करने वाला और सबको पवित्र करने वाला है।

तीसरे मन्त्र में कहा कि यज्ञ हज़ारों प्रकार से ब्रह्माण्ड को शुद्ध करता है। अत: असंख्य प्रकार के विश्व को धारण करने वाला यज्ञ, ब्रह्माण्ड को, हम सबको शुद्ध करने वाला एवं सब प्रकार के सुख देने वाला कर्म है। यहाँ विचार यही करना है कि जब यज्ञ करने से समस्त विश्व की वायु शुद्ध होती है, मनुष्य की बुद्धि में शुद्धता आती है तथा हमें सब प्रकार के सुख प्राप्त होते हैं तब प्रदूषण एवं दु:खों का नामों–निशान कहाँ रहेगा? परंतु वर्तमान में दुर्भाग्य का विषय यह है कि वेद–विरोधी सन्तों के दुष्प्रचार के कारण मनुष्यों ने वेद सुनने बन्द कर दिए; विद्वानों से वेद ना सुनने के कारण समाज में अब, वेदों में ईश्वर द्वारा दिया उपदेश समाप्त प्राय: हो गया है तथा मनुष्यों ने इस कारण विश्व का सर्वश्रेष्ठ शुद्धिकारक एवं जनता को सब प्रकार के सुख देने वाला शुभ कर्म यज्ञ करना त्याग दिया है। फलस्वरूप अब ना तो शुद्धकरण रहा और प्रदूषण फैल गया और ना ही जनता सुखी है, जनता में दु:ख ही दु:ख फैलता जा रहा है। ईश्वर का अटल नियम है कि जब तक जलता यज्ञ नहीं करेगी, तब तक ना

प्रदूषण का नाश होगा और ना सुख प्राप्त होगा। ईश्वर के नियम को कौन बदल सकता है अर्थात् कोई भी नहीं।

आचार्य:- बहुत अच्छा, बेटा। आपने प्रदूषण के विषय में सर्वोत्तम उत्तर दिया है। पुत्र ओमेन्द्र! आप बताएँ कि वेदों को अमृत वाणी क्यों कहा है?

ओमेन्द्र:- प्रणाम आचार्य! हे आचार्य! अमृत का अर्थ है— अ अर्थात् नहीं; मृत अर्थात् मरना। अत: जो कभी नहीं मरता, उसे अमृत कहते हैं। इसमें यह भी भेद है कि मरता वह नहीं है जो जन्म नहीं लेता। अर्थात् जो बनता है वह नष्ट होता है। जिसका निर्माण ही नहीं होता, वह नष्ट क्यों होगा? हे आचार्य! भाव यह है कि **अथर्ववेद मन्त्र** 10/8/32 में ईश्वर ने उपदेश दिया है कि ऐ जीव! तू ''देवस्य काव्यम् पश्य'' अर्थात् परमेश्वर के इस वेद ज्ञान रूप काव्य को देख अर्थात् अध्ययन कर। यह ज्ञान ''न ममार न जीर्यति'' अर्थात् वेद का ज्ञान ना नष्ट होता है और ना जीर्ण होता है। अर्थात् पुराना नहीं पड़ता, नित्य नवीन रहता है। यह अनादि, अनन्त, अविनाशी एवं सनातन होते हुए भी अजर, अमर, अविनाशी एवं सदा नवीन ज्ञान है। **ऋग्वेद मन्त्र** 10/181/1, 2 के अनुसार प्रत्येक सृष्टि के आरम्भ में इस ज्ञान को परमेश्वर मनुष्य जाति के कल्याण के लिए, चार ऋषियों के हृदय में प्रकट करता है। ईश्वर से उत्पन्न यह वेदज्ञान ईश्वर के समान ही अजर, अमर, अविनाशी है। इसलिए वेद वाणी को अमृत वाणी कहते हैं। क्योंकि यह वाणी ईश्वर ने किसी कागज़ पर लिख कर नहीं दी अपितु अपनी सामर्थ्य से ऋषियों के हृदय में प्रकट की थी। अब जो मनुष्य द्वारा लिखी वाणियाँ हैं, जैसे ऋषियों ने भी अनेक सद्ग्रन्थ लिखे हैं तथा मनुष्यों ने भी कई ग्रन्थ लिखे हैं, इनमें कुछ वाणियाँ ज्ञानवर्धक, सत्य की प्रकाशक हो सकतीं हैं परन्तु इनका अस्तित्व अधिक से अधिक सृष्टि के विनाश तक ही सम्भव है, प्रलयकाल में यह वाणियाँ समाप्त हो जाती हैं। परन्तु ईश्वर से उत्पन्न, अविनाशी वाणी वेद, प्रलय में भी ईश्वर में रहती हैं और प्रलय के पश्चात् नई सृष्टि में पुन: ईश्वर की सामर्थ्य से, चार ऋषियों के हृदय में प्रकट हो जाती है। इसी कारण वेद के ज्ञाता, विद्वान् ईश्वर से उत्पन्न इस वेद वाणी को अनादि, अनन्त, अविनाशी, सनातन, अजर—अमर अमृत वाणी कहते हैं।

आचार्य:— हे ओमेन्द्र! आपने अति उत्तम वैदिक ज्ञान दिया। सदा सुखी रहो।

Yajyen DESTROYS Diseases

Swami Ram Swarup 'Yogacharya'



It is unfortunate that nowadays, all human-beings are facing number of most dangerous diseases due to which most of the people have to meet with death also.

Outbreak of ***coronavirus*** has also been detected which is a serious threat to human-life.

You see, God nurses the creation. So, He being our real father, in the beginning of every creation, also gives the knowledge of four Vedas to destroy illusion and solve all kinds of problems of human-beings including those of medical science.

So, ***corona and other fatal infectious diseases can be destroyed if we simply perform daily agnihotra in our homes, say four vedas.*** Yajurved mantras 1/1 and 2 state that Yajyen is the most Supreme religious pious deed which purifies atmosphere and destroys infectious diseases. Therefore, it is most beneficial for human-beings.

So, when we obey God for several vedic principles, pollution and diseases are either destroyed from its roots or do not generate.

Further, ***Mantra 2/7*** states that agnihotra purifies food grains, water etc., bestows mental and physical strength along with pleasure on us so that public enjoys long, happy, ill free life.

So, everybody must offer aahutis in burning fire of havan-kund. The fire has the nature to rise above and the matters which are offered in it are disintegrated into numerous subtlest/ minutest atoms which combine with sunrays to spread in the entire atmosphere and thus purify the air by killing microbes, which prevents diseases.



In ***Bhagwad Geeta shloks 3/13-15,*** Yogeshwar Sri Krishna Maharaj states that Oh! Arjun, when Yajyen is performed, then atmosphere is purified, pure rainfall, free from germs is caused, pure water gives us pure food grains, fruits, herbs etc. and when our children take pure food, they attain strong body, by which strong nation is built.

Dr. Kundan Lal, M.D. conducted an experiment, taking twelve test tubes, filled with food particles. He filled six of the test tubes with fresh garden air and rest six with air generated from agnihotra. He found that food of the test tubes filled with garden air started decomposing much earlier than the food filled with the air of agnihotra. It proves that air generated by agnihotra is pure and further purifies the atmosphere.

According to ***Atharvaved mantra 3/10/11,*** by performing Yajyen, the human-beings protect themselves from all kinds of sufferings including diseases generated in all seasons and times.

Yajyen is basically performed by using wood of mango tree. A scientist named ***Trelle of France*** did experiments on Yajyen. He found that when the mango wood is burnt then a gas, "formic aldehyde" is liberated which destroys the harmful bacteria and makes the atmosphere pure. Then only, the scientists made "formalin" from "formic aldehyde" gas. He also did experiment on jaggery/Gur (in Hindi raw sugar) and found that on burning the jaggery, it generates "formic aldehyde" gas.

A scientist named ***Tautlik*** came to know that when Yajyen is performed with samagri containing raisins (kishmish) and black currants

(Munacca) and if we stay in a Yajyen and its smoke for half an hour then the germs of typhoid and T.B. are destroyed.

Yajurved says that four types of things are mainly used to prepare offerings for a Yajyen:

1. Sweet Like honey, jaggery, raw sugar etc.,
2. Antibiotic herbs like gyol, etc.,
3. Nutrition like pure ghee, dry fruits etc.,
4. Fragrant materials like elaichi (cardamom), dried petals of flowers etc.



When all these are offered in burning fire of Yajyen then it happens that just as a household lady in her kitchen fries chillies in ghee then you know the effect of the chilli through air even goes to a far distance like drawing room and other rooms too. So is the case of Yajyen and similarly the offerings of all the things goes to the sky and to sun making contact with air and ray of light of sun. As a result, timely pure rain is caused.

In ***Atharvaved mantra 2/13/1,*** there is an invaluable preach that if we perform agnihotra daily, then its pious fire which is burning in the havan-kund, destroys all germs and protects us from diseases. Then, we do not feel effect of old age, instead we enjoy ill free, long, happy life till the last stage of our lives.

Though the benefits of performing Yajyen are unlimited but here knowledge of only some of the ved mantras has been quoted. If, anyone draws his attention deeply in these mantras and starts performing daily agnihotra with ved mantras, offering aahuti with ghee and samigri in burning fire of havan kund, surely he would protect himself, his family and the public residing in his surroundings from all types of diseases and problems.

In the childhood and young age, due to ignorance, those boys and girls who do not take care of their health, after sometime, they have to face its dire consequences.

So, what is the reason behind generation of these fatal diseases in present times, the reason is non-performance of agnihotra and the solution lies in performing agnihotra.

To our bad luck we have completely over-sighted eternal vedic culture, wherein the solution to all kinds of problems including diseases exists. VIV

गोरक्षासन

स्वामी रामस्वरूप 'योगाचार्य'

मच्छन्दरनाथ योगी जी के परम शिष्य गोरखनाथ जी हुए हैं। गोरखनाथ जी इस आसन को बहुत प्रेम से, चिरकाल तक लगाते थे। अत: यह आसन गोरक्षासन के नाम से प्रसिद्ध है।

विधि

1. पृथिवी पर कुशासन अथवा कम्बल की चार तह लगाकर, उसे बिछाकर, उसके ऊपर सूती चादर बिछा लें।
2. इस आसन पर बैठकर, दोनों पैरों के तलवों को आपस में मिला लें।
3. ज़मीन पर हाथ रखकर, उसका सहारा लेकर पैरों को मिलाते हुए, आगे आकर दोनों मिले हुए पैरों के बीच में बैठ जाएँ और दोनों घुटने, दोनों तरफ से ज़मीन पर लग जाएँ।
4. इस प्रकार बैठकर दोनों हाथों को घुटनों पर रख लें और शरीर को सीधा कर लें। इस आसन की मूर्ति भी छाप दी गई है जिसे देखकर आप अभ्यास कर सकते हैं।

लाभ

1. इस आसन से मूत्र सम्बन्धी बीमारियाँ नष्ट होती हैं।
2. इस आसन द्वारा ब्रह्मचर्य दृढ़ होता है।
3. इस आसन की सिद्धि से प्राण का सुषुम्ना नाड़ी में प्रवाह होता है जो योग सिद्धि के लिए आवश्यक है।

VIV

God Accepts pure Hearted Aspirants



Swami Ram Swarup 'Yogacharya'

If we pay our attention towards our ancient vedic culture like Valmiki Ramayan, Six Shastras, Shatpath Brahmin Granth, Mahabharat Epic etc, we find that the secret of maintaining peace, brotherhood, Patriotism, exercising control over senses and perceptions and several other divine qualities to be away from illusion, sensuality etc. was, that ***people of the ancient times were complete followers of vedas.***

You see, in ancient times, except for Vedas' knowledge, no other path existed. It was the time when Vedas knowledge was in vogue and no other spiritual as well as worldly book was written by anyone. So worldly knowledge and spiritualism preached by God in vedas, used to be followed only by the rulers as well as subjects, due to which the public had full control over its senses and perceptions and their hearts were pure, no corruption, blind faith, illusion etc. existed. Therefore peace, divine qualities and pure hearted people lived together, promoting brotherhood. But it is sad that at present, in the absence of vedic knowledge, mostly the people have made their own several paths of worship, for the last 2000-3000 years ago. Is it not an extra ordinary astonishment that the sky sun, moon, air, water, earth i.e. all such matters right from the beginning of the earth till now are unchanged but mentality of human-beings has changed. Therefore question of maintaining pious thoughts and pure heart by controlling senses does not arise. Because you know, basically God only loves the pure hearted people.

Infact, worship means to be honest, pure hearted, to have control over senses and to discharge moral duties faithfully etc. but God knows what kind of worship is being performed by so called saints. That worship has become commercial hub/centre of satisfying sensual gratifications and several other immoral activities.

So, is it not that matters of

universe remained unchanged but the worship and knowledge, which emanates directly from God in beginning of every creation has been changed by human-beings and hence the problem. Because God made worship does not allow human beings for doing any kind of sins but man-made worship seems to be full of selfishness.



Infact as per universal indestructible tradition, an aspirant must be aware of vedas to know the eternal, everlasting and the purest form of Almighty God who creates, nurses and destroys universe. In addition, he should also know the eternal path of worship which never creates any problem in human life as was in previous yugas to maintain pure heart. Because Vedas state that God loves and protects the pure hearted aspirants and destroys the sinners; which is being seen in the present scenario also. You see, it is not possible that a man can decide the form of God and His divine qualities. Actually at present the people are not aware of the eternal vedic knowledge, wherein God Himself has shown His form and unlimited divine qualities in eternal knowledge of Vedas, out of which His pure form is also mentioned in ***Yajurved mantra 40/8,*** that God is Almighty, formless, without the binding of nervous system and (Shuddham Apaapviddham) i.e. He is the purest and always away from illusion and is never entangled in sins. That is why, in several ved mantras like ***Yajurved mantra 19/39,*** God preaches us to pray to the learned of Vedas that (Maa Punantu Dhiyaha Punantu) i.e. learned should purify myself and my intellect by providing me with the vedic knowledge. But it is sad that mostly the people nowadays do not listen to vedas and hence the problem. We must learn from vedas that God is the purest and always away from the sins and therefore in return God also asks the King, ministers and whole public of the world to be purest and to be away from all kinds of sins, illusion by following vedas and then question of any sin and sensual crimes would never arise.

So, question arises whether so-called saints or any aspirant starts worship to become pure to realise God or to cheat the public under the shelter of religion. To get the said knowledge we will have to Revert back to vedas. VIV

आहार, जीवन शैली व हृदय रोग

डॉ. प्रवीण शर्मा
(श्री लाल बहादुर शास्त्री
राजकीय आयुविज्ञान महाविद्यालय, मण्डी)
(डॉ. अनिल ग्रोवर द्वारा लिखित और
मेरे द्वारा संपादित पुस्तक–स्वस्थ
हृदय पर आधारित)

हृदय की धमनियों से संबंधित रोगों जैसे हृदय शूल (कार्डियक एन्जाइना) और हृदय आक्षेप (हार्ट अटैक) को सामान्य भाषा में हृदय रोग कहते हैं। क्या हृदय रोग की रोकथाम सम्भव है? जी हाँ, इस रोग के कारणों की जानकारी तथा आरम्भ से ही उनकी रोकथाम के उचित उपाय कर लेने से हृदय रोग को सरलता से रोका जा सकता है, आवश्यकता है केवल जागरूक होने की। रोग का उपचार करने की अपेक्षा उसको रोकना श्रेयस्कर है, यह कहावत अधिकांश रोगों के लिए सही है परन्तु हृदय के विषय में तो उसके विकारों की रोकथाम ही एकमात्र उपाय है। हृदय रोग के लिए कई कारण ज़िम्मेदार पाए गए हैं जिन्हें हम दो, अनिवार्य व निवार्य कारणों में वर्गीकृत कर सकते हैं।

क. **<u>अनिवार्य कारण:-</u>** इसमें हृदय रोग के वह कारण आते हैं जिनके बारे में हम सामान्यत: कुछ नहीं कर सकते।

1. **अनुवांशिकता:** कुछ व्यक्तियों को यह रोग विरासत में मिलता है। यदि माता–पिता इस रोग से मुक्त होते हैं तो उनकी सन्तानों में इस रोग की संभावना केवल 8 प्रतिशत होती है, परन्तु यदि माता–पिता को यह रोग हो तो सन्तान में इसकी सम्भावना बढ़कर ३२ प्रतिशत से भी अधिक हो सकती है।

2.**आयु का बढ़ना:** जैसे–जैसे उम्र बढ़ती है, रक्त वाहिनियों का सख्तपन भी बढ़ता जाता है। सामान्यत: 45 वर्ष से लेकर 60 वर्ष की आयु तक यह प्रक्रिया बड़ी ही तेज़ी से बढ़ती है और हृदय रोग का कारण बन जाती है। अत: इस उम्र में हर व्यक्ति को सावधानी बरतनी चाहिए और नियमित चिकित्सा व जाँच करवाते रहना चाहिए।

3.**पुरुष और महिला:** महिलाओं में हृदय रोग की सम्भावनाएँ आश्चर्यजनक रूप से कम पाई जाती हैं। स्त्रियों में मुख्यत: रजोनिवृत्ति के पश्चात् ही हृदय रोग के लक्षण उभरते हैं।

ख. <u>निवार्य कारण:-</u> इसमें हृदय रोग के वह कारण आते हैं जिनकी रोकथाम की जा सकती है।

1. **मधुमेह:** मधुमेह के रोगियों में हृदय रोग का परिमाण अधिक होता है। अतएव हृदय रोग से बचने के लिए मधुमेह रोग को नियन्त्रित करना अति आवश्यक है। इन्सुलिन की कमी के कारण, रक्त में शर्करा का स्तर अधिक होने पर भी उसका प्रयोग नहीं हो पाता है अत: अपने पोषण के लिए शरीर की कोशिकाओं को चर्बी पर ही निर्भर रहनापड़ता है जिसके कारण शरीर रक्त में चर्बी की मात्रा को बढ़ा लेता है। रक्त में चर्बी की अधिकता से मधुमेह के रोगियों में हृदय रोग की संभावना अधिक हो जाती है अत: उचित आहार—व्यवहार, खान—पान, शारीरिक श्रम व उचित उपचार से मधुमेह को नियन्त्रित करने का प्रयास करना चाहिए।

2. **उच्च रक्तचाप:** उच्च रक्तचाप भी हृदय के लिए अत्यन्त घातक है, रक्त का दबाव 110/70 होने पर ही सामान्य माना जाना चाहिए। रक्त का दबाव जितना अधिक होगा उतना ही हृदय रोग के आक्रमण की संभावना अधिक होती है। प्रौढ़ावस्था में रक्त का दबाव 160/95 से अधिक हो तो हृदय रोग की संभावना पाँच गुणा से अधिक बढ़ जाती है। उच्च रक्तचाप होने की स्थिति में रक्त को धमनियों में धकेलने के लिए हृदय को अधिक श्रम करना पड़ता है और अन्त में यही हृदय रोग का कारण बनता है।

रोकथाम : उच्च रक्तचाप होने पर नमक की मात्रा बिल्कुल कम कर दें। शांत वातावरण में रहें। गुस्सा बिल्कुल न करें। अधिक मानसिक तथा शारीरिक श्रम न करें। चिन्तामुक्त जीवन जीएं। चाय, कॉफी का अधिक सेवन न करें। खाने—पीने पर नियंत्रण रखें। वज़न कम करें। रेशेयुक्त भोजन, फल व कच्ची सब्जियाँ खाऐं। ध्यान भजन या अन्य किसी शौक में अपना मन लगाएँ। शरीर में होने वाले किसी लक्षण को अनदेखा न करें। बहुत पसीना आना, घुटन व तुरन्त थकावट,

मितली आना, सिर दर्द होना जैसे लक्षण होने पर तुरन्त चिकित्सक से सम्पर्क करें।

